## प्रेस विज्ञप्ति

## सॉवरेन स्वर्ण बांड योजना 2018-19 (श्रृंखला II) - निर्गम मूल्य

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के परामर्श से 15-19 अक्तूबर, 2018 की अवधि के लिए सॉवरेन स्वर्ण बांड 2018-19 की (श्रृंखला-II) आरंभ की है। दिनांक 23 अक्तूबर, 2018 को निपटान के साथ इस अभिदान अवधि अर्थात् 15-19 अक्तूबर, 2018 के दौरान इस बांड का निर्गम मूल्य प्रति ग्राम रु. 3,146 (तीन हजार एक सौ छियालीस रुपये मात्र) होगा, जैसा कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 12 अक्तूबर, 2018 को जारी अपनी प्रेस विज्ञप्ति में भी प्रकाशित किया है।

भारत सरकार ने भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से उन निवेशकों , जो ऑनलाइन आवेदन करते हैं तथा डिजिटल तरीके से भुगतान करते हैं, को निर्गम मूल्य में रु. 50 (पचास रुपये) की छूट देने का फैसला किया है। ऐसे निवेशकों के लिए स्वर्ण बांड का निर्गम मूल्य रु. 3 ,096 (तीन हजार छियानवे रुपये मात्र) प्रति ग्राम स्वर्ण होगा।

भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग
बजट प्रभाग
नॉर्थ बलॉक, नई दिल्ली- 110001
**दिनांकः 12 अक्तूबर, 2018**